पत्र सूचना शाखा
(राजभवन सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

लखनऊ विश्वविद्यालय ने NAAC ग्रेड A++ सर्टिफिकेट राज्यपाल जी को भेंट किया

विश्वविद्यालय के इस स्तर को बनाये रखने के लिए सतत प्रयत्नशील रहे

– राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 21 सितम्बर, 2022

आज दिनांक 21 सितंबर 2022 को माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति लखनऊ विश्वविद्यालय श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज यहां राजभवन में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय की नैक टीम के सदस्यों के साथ मुलाकात की। प्रो राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय को मिले NAAC ग्रेड A++ सर्टिफिकेट को माननीय राज्यपाल जी को भेंट किया। राज्यपाल जी ने नैक टीम के सभी सदस्यों को इस उपलब्धि की बधाई दी और विश्वविद्यालय के इस स्तर को बनाये रखने के लिए सतत प्रयत्नशील रहने को कहा। ज्ञात हो कि लखनऊ विश्वविद्यालय को 26 जुलाई 2022 को NAAC ग्रेड A++ प्राप्त हुआ था। विश्वविद्यालय ने जानकारी दी है कि कल इस मूल्यांकन का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।

मुलाकात के दौरान कुलपति प्रो राय ने राज्यपाल जी को जानकारी दी कि गत 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 72वें जन्मदिन के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा इसे उद्यमिता विकास के अंतर्गत मनाते हुए लखीमपुर खीरी जनपद के थारू जनजाति के लोगों में 72 परिवारों को चिन्हित करके उनको मछली पकड़ने का जाल, जैविक खाद, बीज, मिठाई और बच्चों को बिस्कुट और टॉफी वितरण किया गया।

माननीय राज्यपाल जी ने कहा कि जनजातियों के विकास के लिए यह जरूरी है कि उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने उपस्थित शिक्षण से कहा वे थारू जनजाति के लोगों के बीच जाकर उनके बच्चों को विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावकों को लखनऊ विश्वविद्यालय बुलाकर भ्रमण कराया जाए जिससे

वे लोग यहां के वातावरण को समझें और बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित हों। प्रो राय ने माननीय राज्यपाल जी को आश्वस्त किया को शीघ्र ही वे इसका क्रियान्वयन करेंगे।

प्रो आलोक कुमार राय के साथ, प्रो प्रेम सुमन शर्मा, प्रो पूनम टंडन, प्रो राकेश द्विवेदी, प्रो राकेश चंद्रा, प्रो संगीता साहू, प्रो राजीव मनोहर, प्रो गीतांजलि मिश्रा, श्री संजय मेधावी, डा केया पाण्डेय और डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

——————————————

डा0 सीमा गुप्ता—सूचना अधिकारी/राजभवन /(273 /33)

सम्पर्क सूत्र— 8318116361